## सार-समाचार

### प्रतियोगिता के महिला वर्ग में पूजा प्रथम

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। महिला जागृति संस्थान की ओर से भगवती पैलेस में राजस्थानी लोक नृत्य प्रतियोगिता सीजन-5 और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित हुआ, जिसमें राजस्थानी लोक संस्कृति की परंपराओं की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मंजू गुर्जर, अतिविशिष्ट अतिथि शिवरतन अग्रवाल, संगीता बोहरा, कल्पना शुक्ला, रीना पल्लीवाल, डॉ शैल शास्त्री, डॉ रश्मि जैन, मीना गुप्ता, पदमा अग्रवाल, शकुंतला गुप्ता तथा महिला जागृति संस्थान की जिलाध्यक्ष डॉ कुसुम गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई, जिसे सुषमा और बंदना ने राजस्थानी परंपरा के अनुरूप प्रस्तुत किया। इसके बाद एकल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न शहरों से आई महिलाओं और बालिकाओं ने भाग लिया। संस्थान की जिलाध्यक्ष डॉ कुसुम गुप्ता ने बताया कि प्रतियोगिता में लगभग 70 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कालबेलिया, चरी और घूमर नृत्य की प्रस्तुतियां दी गईं। इन प्रस्तुतियों में राजस्थानी वेशभूषा और पारंपरिक आभूषणों का प्रयोग किया गया। कार्यक्रम में सभी अतिथियों का राजस्थानी परंपरा के अनुसार तिलक लगाकर स्वागत किया गया। संस्थान की महामंत्री ममता सैनी ने बताया कि निर्णायक मंडल में राधिका और महेश खूंटामार शामिल थे, जिन्होंने विजेताओं का चयन किया। प्रतियोगिता के महिला वर्ग में पूजा शर्मा ने प्रथम, वैशाली गुप्ता ने द्वितीय और सुनीता अग्रवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में वंशिका बंसल प्रथम, प्रियंका बंसल द्वितीय और सिमरन राव तृतीय स्थान पर रहीं। सभी विजेताओं को उपहार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए। संयोजक मंडल की ओर से कार्यक्रम के दौरान "बेटी अनमोल रत्न अवॉर्ड", "पक्षी सेवा सहयोगी सम्मान", "वीरता पुरस्कार" और "सीमेंट बेंच सहयोगकर्ता" भामाशाहो का भी सम्मान किया गया। इस दौरान सैकडो की संख्या में महिलाऐ एंव शहर के गणमान्य लोग मोजूद थे।

### नवलराम डिबस्या बने ब्लॉक अध्यक्ष

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। राजस्थान आदिवासी मीणा महासभा के तत्वावधान में रविवार को एक बैठक आयोजित की गई। यह बैठक मीन भगवान मंदिर पर रामस्वरूप पटेल छान की अध्यक्षता में हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाध्यक्ष रूपलाल मीना, रामकेश सेवियापुरा, रघुनाथ लेदिया, लाखन पटेल मांच, नरसीराम बझेडा, लाखन सिंह सादपुरा और मोहन मास्टर ने मीन भगवान के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। बैठक में सर्वसम्मति से नवलराम डिबस्या को महासभा का गंगापुर सिटी ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किया गया। मंच संचालन प्रोफेसर सोनू मीना ने किया। महापंचायत में समाज सुधार और कुरीति निवारण के बिंदुओं पर विशेष जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि समाज में व्याप्त कुरीतियों को शिक्षा के माध्यम से ही दूर किया जा सकता है। उन्होंने सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने का आह्वान किया। बैठक में जन्मदिन, भाईदूज और शादी समारोह में डीजे नहीं बजाने, गोद भराई, टीका प्रथा, सोशल मीडिया पर रील बनाने या अश्लील वीडियो डालने पर प्रतिबंध लगाने की बात कही गई। इसके अतिरिक्त, शादी के कार्ड सोशल मीडिया के माध्यम से देने, ताश, जुआ, सट्टा और नशे से दूर रहने पर भी पूर्ण पाबंदी लगाने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर प्रदेश, जिला और तहसील स्तरीय पदाधिकारी, पंच-पटेल और समाज के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### 10 वर्षीय बालक का सफल ऑपरेशन

**करौली**, (निसं)। जिला चिकित्सालय करौली में नाक-कान-गला विभाग के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. मनीष शर्मा एवं उनकी ऑपरेशन टीम ने 10 वर्षीय बालक के कान के पीछे की गांठ का अत्याधुनिक तकनीक से सफल ऑपरेशन किया। जिला चिकित्सालय के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामकेश मीणा ने बताया कि राजोर गांव निवासी बालक मनीष लंबे समय से खर्राटे आने, नाक बंद रहने, मुंह से सांस लेने और चेहरे की संरचना में परेशानी की समस्या से ठासित था। जांच के बाद नाक-कान-गला विशेषज्ञ डॉ. मनीष शर्मा ने बीमारी को गंभीर मानते हुए ऑपरेशन की सलाह दी। परिवार की सहमति के बाद माइक्रोडिब्राइडर तकनीक से सफल सर्जरी की गई। इस तकनीक से ऑपरेशन में दर्द और रक्तस्त्राव की संभावना नगण्य रहती है तथा रोगी शीघ्र स्वस्थ हो जाता है। ऑपरेशन में एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. राकेश चौधरी, डॉ. अभिषेक गुप्ता, डॉ. प्रीति कुमारी, ओपीडी प्रभारी जयकुमार एवं वार्ड प्रभारी समय सिंह का विशेष सहयोग रहा। पीएमओ डॉ. मीणा ने सफल ऑपरेशन के लिए पूरी टीम को बधाई दी।

### करौली प्रीमियर लीग 24 दिसंबर से

**करौली**, (निसं)। क्रिकेट प्रेमियों के लिए खुशखबरी है। करौली प्रीमियर लीग 2025 सीजन-3 का आयोजन 24 दिसंबर से किया जाएगा। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 31 दिसंबर को खेला जाएगा। राजीव गांधी खेल संकुल मैदान में आयोजित प्रेस वार्ता में केपीएल संयोजक राजेश सारस्वत ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल पांच टीमें भाग लेंगी। 22 दिसंबर को खिलाड़ियों की ड्रेस एवं ट्रॉफी का अनावरण किया जाएगा। इसी दिन नगाड़खाने से मुख्य बाजारों तक ट्रॉफी रैली निकाली जाएगी। प्रतियोगिता की विजेता टीम को 2 लाख रुपए नगद व ट्रॉफी तथा उपविजेता टीम को 1 लाख रुपए नगद व ट्रॉफी दी जाएगी। मैन ऑफ द सीरीज को 71 हजार रुपए, जबकि बेस्ट बल्लेबाज, गेंदबाज और विकेटकीपर को 21-21 हजार रुपए का पुरस्कार मिलेगा। टूर्नामेंट में स्थानीय, राज्य स्तरीय, राष्ट्रीय एवं रणजी खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रेस वार्ता में कई गणमान्य लोग एवं आयोजन समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। दौसा जिले के महुआ तहसील अंतर्गत आतारहेड़ा निवासी राजेंद्र कुमार मीणा (40) की सड़क हादसे में मौत हो गई। उनका शव 2 दिन बाद 20 दिसंबर को गंगापुर सिटी के छान गांव के पास खड्ढे में भरे पानी में मिला। वह 18 दिसंबर को अपनी बेटी को लेने गए थे। जानकारी के अनुसार, 18 दिसंबर को दोपहर करीब 3 बजे राजेंद्र कुमार मीणा अपने गांव आतारहेड़ा से छान गांव के पास स्थित छात्रावास में पढ़ रही अपनी बेटी को लेने के लिए निकले थे। इसी दौरान छान गांव के पास एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वे गंभीर रूप से घायल होकर पास ही पानी में जा गिरे, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। राजेंद्र कुमार के देर शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। काफी खोजबीन के बाद 20 दिसंबर को छान गांव क्षेत्र में उनका शव मिला। सूचना मिलने पर परिजन शव को लेकर गंगापुर सिटी जिला अस्पताल पहुंचे, जहां पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलने पर पिलौदा थाना पुलिस जिला अस्पताल पहुंची और पंचनामा सहित आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी की। पुलिस की ओर से अज्ञात वाहन की पहचान और मामले की जांच की जा रही है।

### विकास रथ करौली पहुंचा

**करौली**, (निसं)। राजस्थान सरकार के सफलतम दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु एलईडी मोबाइल वैन जागरूकता अभियान के तहत विकास रथ शनिवार को करौली शहर मंडल के हिंडौन दरवाजा पहुंचा। भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष आशुतोष तिवारी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने विकास रथ का स्वागत एवं पूजन किया। आशुतोष तिवारी ने बताया कि सरकार की योजनाओं, विकास कार्यों और उपलब्धियों की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से विधानसभा-वार यह अभियान चलाया जा रहा है। इस अवसर पर जिला महामंत्री सुरेश शुक्ला, पूर्व जिला महामंत्री धीरेंद्र बैसला, वासुदेव ठेकेदार, अशोक वर्मा, विद्या वैष्णव, मंडल महामंत्री आशीष जैन, तेजेंद्र सिंह जादौन, विक्की गुरु, धन सिंह चौहान, सुमित भट्ट, मुकेश कुशवाहा, अमिता चतुर्वेदी, अजीत सिंह टटवाई, मदन मोहन स्वामी, हरिशरण व्यास सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### शीतलहर व कोहरे से ठंड का अहसास

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। उपखण्ड मुख्यालय सहित आसपास के इलाकों में शीतलहर का असर बढ़ गया है। घने कोहरे के कारण विजिबिलिटी 100 मीटर से भी कम दर्ज की गई, जिससे सड़कों पर वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई। बीती देर शाम से ही सर्द हवाओं ने जोर पकड़ लिया था, जिसके बाद रात में हल्का कोहरा छाया रहा। सुबह होते-होते कोहरा और घना हो गया, जिससे आवागमन प्रभावित हुआ। शीतलहर के प्रकोप से दिन में भी कड़ाके की ठंड महसूस की जा रही है। न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है, जबकि दिन का अधिकतम तापमान गिरकर 23 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। इससे पहले अधिकतम तापमान 25 से 29 डिग्री सेल्सियस के बीच स्थिर था।

# 'स्वस्थ नागरिक ही विकसित व समृद्ध राजस्थान की मजबूत नींव'

- रन फॉर विकसित राजस्थान रैली का आयोजन, स्वास्थ्य जागरूकता का दिया संदेश
- रन फॉर विकसित राजस्थान रैली को जिला कलक्टर कमर चौधरी ने कलेक्ट्रेट परिसर से रैली को हरी झंडी

**भरतपुर**, (निसं)। राज्य सरकार के दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार को जिले में रन फॉर विकसित राजस्थान रैली का भव्य आयोजन किया गया। जिला कलक्टर कमर चौधरी ने कलेक्ट्रेट परिसर से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह आयोजन राज्य सरकार के दिशा-निर्देशानुसार बढ़ता राजस्थान, हमारा राजस्थान अभियान के अंतर्गत किया गया, जिसका उद्देश्य आमजन को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा दैनिक जीवन में मॉर्निंग वॉक, दौड़ एवं नियमित व्यायाम को अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा।

जिला कलक्टर कमर चौधरी ने इस अवसर पर कहा कि स्वस्थ नागरिक ही विकसित और समृद्ध राजस्थान की मजबूत नींव होते हैं। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में स्वास्थ्य की अनदेखी गंभीर समस्याओं का कारण बन सकती है। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने युवाओं, महिलाओं एवं समाज के सभी वर्गों से आ ान किया कि वे नियमित रूप से शारीरिक गतिविधियों को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। इस प्रकार के आयोजन समाज में स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

रन फॉर विकसित राजस्थान रैली कलेक्ट्रेट गेट से प्रारंभ होकर राजेंद्र नगर, जवाहर नगर होते हुए विश्व शास्त्री पार्क चौपाटी पर संपन्न हुई। रैली के दौरान प्रतिभागियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। दौड़ के माध्यम से प्रतिभागियों ने स्वस्थ राजस्थान, विकसित राजस्थान का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। रैली के मार्ग में आम नागरिकों ने भी तालियों और उत्साहवर्धन के साथ प्रतिभागियों का स्वागत किया, जिससे पूरे क्षेत्र में सकारात्मक वातावरण बना रहा।

रैली में भरतपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त कनिष्क कटारिया, डीएफओ चेतन कुमार बीवी, अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन घनश्याम शर्मा, सिटी मजिस्ट्रेट राहुल सैनी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र यादव, सीओ सिटी आईपीएस पंकज यादव, जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा, उपखंड अधिकारी भारती गुप्ता, जिला आबकारी अधिकारी राजीव शर्मा, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. नागेंद्र सिंह भदोरिया, जिला शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र गोपालिया, सीओ भारत स्काउट एंड गाइड देवेंद्र कुमार मीना, उपनिदेशक महिला अधिकारिता विभाग राजेश कुमार सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

इसके अतिरिक्त जनप्रतिनिधियों, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट-गाइड, खिलाड़ियों, सामाजिक संगठनों, कोचिंग सेंटर्स, शिक्षण संस्थानों, निजी उपक्रमों जैसे जिम सेंटर्स, वाणिज्यिक संस्थानों एवं विभिन्न राजकीय संस्थाओं के प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन, सामाजिक कार्यकर्ता एवं आम नागरिकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। रैली ने जिले में स्वास्थ्य, एकता और विकास के संदेश को मजबूती से स्थापित करते हुए राज्य सरकार की जनकल्याणकारी सोच को प्रभावी रूप से जन-जन तक पहुंचाया।

## आकाश सिंह का विजय हज़ारे ट्रॉफी के लिए टीम में चयन

**भरतपुर**, (निसं)। बीसीसीआई द्वारा 24 दिसंबर से गुजरात राज्य के अहमदाबाद में आयोजित की जा रही विजय हज़ारे ट्रॉफी के लिए भरतपुर जिले के लेफ्ट आर्म फास्ट बॉलर आकाश सिंह का राजस्थान की 15 सदस्यीय सीनियर क्रिकेट टीम में चयन हुआ है।जिला क्रिकेट संघ भरतपुर के सचिव शत्रुधन तिवारी ने बताया कि यह प्रतियोगिता 24 दिसंबर से 8 जनवरी तक गुजरात प्रदेश के अहमदाबाद मे आयोजित की जाएगी एव इस प्रतियोगिता में राजस्थान के अलावा मध्य प्रदेश, झारखंड, त्रिपुरा, तमिलनाडु, केरला, कर्नाटका और पुडुचेरी की टीमे होंगी पिछले दिनों बीसीसीआई द्वारा आयोजित की गई रणजी ट्रॉफी व ज्-20 सैयद मुश्ताक अली क्रिकेट प्रतियोगिता एवं राज्य की घरेलू क्रिकेट प्रतियोगिताओं में आकाश के द्वारा किए गए बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर राजस्थान की टीम में चयन किया गया है।

# सद्भावना क्रिकेट लीग प्रशासन एकादश, बैंकर्स इलेवन विजयी

- रोमांचक मुकाबलों में वसीम खान और विक्रम नरेड़ा मैन ऑफ द मैच रहे

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। वर्धमान हॉस्पिटल सद्भावना क्रिकेट लीग के तहत रविवार को पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में दो रोमांचक मुकाबले खेले गए। पहले मैच में प्रशासन एकादश ने डिस्कॉम क्रिकेट क्लब को 37 रनों से हराया, जबकि दूसरे मुकाबले में बैंकर्स इलेवन ने भारत विकास परिषद को 33 रनों से शिकस्त दी।

प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर टॉस के बॉस घनश्याम शर्मा और डॉ. क्षितिज गुप्ता ने आयोजन समिति के सदस्यों के साथ मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलन किया। इसके बाद समिति की ओर से टॉस के बॉस का सम्मान किया गया। आयोजन के संयोजक गोविंद पाराशर और अध्यक्ष अनुज शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। पहले मुकाबले में भारत प्रशासन एकादश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। वसीम खान की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत टीम ने 15 ओवर में 145 रन बनाए। प्रशासन एकादश की कार्यवाहक कप्तानी एसडीएम विजेंद्र मीणा ने संभाली। कप्तान बदन सिंह की रणनीति के सामने डिस्कॉम क्रिकेट क्लब की टीम 15 ओवर में 108 रन ही बना सकी और प्रशासन एकादश ने यह मैच 37 रनों से जीत लिया। वसीम खान को प्लेयर ऑफ द मैच, दिनेश गुर्जर को कैच ऑफ द मैच, सचिन को सिक्स ऑफ द मैच और केला प्रसाद को बॉलर ऑफ द मैच घोषित किया गया।

वहीं दूसरे मुकाबले में भारत विकास परिषद और बैंकर्स इलेवन आमने-सामने थे। टॉस के बॉस पंचायत समिति प्रधान मंजू गुर्जर और एसडीएम बृजेंद्र मीणा रहे। भारत विकास परिषद ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। बैंकर्स इलेवन ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में 135 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत विकास परिषद की टीम 15 ओवर में सभी 10 विकेट खोकर केवल 102 रन ही बना सकी।

इस प्रकार बैंकर्स इलेवन ने यह मुकाबला 33 रनों से अपने नाम किया। शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए विक्रम नरेड़ा को मैन ऑफ द मैच, कैच ऑफ द मैच और बॉलर ऑफ द मैच चुना गया, जबकि सिक्स ऑफ द मैच का पुरस्कार भगत सिंह को मिला। कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा परिवार के जिला अध्यक्ष अनुज शर्मा, जिला प्रभारी राजेश शर्मा, जिला महामंत्री महेंद्र जैन, कोषाध्यक्ष विष्णु गुप्ता, संयोजक गोविंद पाराशर, ब्लॉक अध्यक्ष नीटू सिंह धावाई सहित अनेक पदाधिकारी व खिलाड़ी उपस्थित रहे। कमेंट्री दीपक मीणा ने की, स्कोरर अंकित गुप्ता, लाइव स्कोर रविंद्र रंगा और अंपायर पंकज तथा प्रेम रहे। मुकाबलों का सीधा प्रसारण लाइव स्पोर्ट्स हब पर मनोहर गुप्ता द्वारा किया।

# प्रदेश संगठन मंत्री ने शिक्षकों से किया जनसम्पर्क

- राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम का प्रदेश स्तरीय शिक्षक सम्मेलन जनवरी में

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) का प्रदेश स्तरीय शिक्षक सम्मेलन 2 और 3 जनवरी 2026 को जयपुर में आयोजित किया जाएगा। यह सम्मेलन महात्मा गांधी राजकीय स्कूल, आदर्श नगर में सुबह 9 बजे से शुरू होगा, जिसमें प्रदेशभर से शिक्षक प्रतिनिधि शामिल होंगे। संगठन के प्रदेश संगठन मंत्री बदनसिंह मीना ने गंगापुर प्रवास के दौरान यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि सम्मेलन में शिक्षा विभाग से जुड़े विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। इस दौरान संगठन पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया, जिसमें प्रदेश मंत्री सोहनलाल गुप्ता और जिलाध्यक्ष सुरेशचंद्र शर्मा ने उन्हें माला व साफा पहनाकर अभिनंदन किया। प्रदेश मंत्री सोहनलाल गुप्ता ने बताया कि सम्मेलन में स्कूलों में जमींदोज किए गए कमरों के बदले नए कमरों की स्वीकृति, नवक्रमोन्नत स्कूलों में व्याख्याता पदों का सृजन और वाइस प्रिंसिपल की ऑनलाइन डीपीसी जैसे मुद्दे प्रमुखता से उठाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, उच्च माध्यमिक स्कूलों में शारीरिक शिक्षक, लाइब्रेरियन एवं तृतीय श्रेणी कर्मचारियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग भी रखी जाएगी।

तृतीय एवं द्वितीय श्रेणी शिक्षकों की वर्षों से लंबित डीपीसी, तृतीय श्रेणी शिक्षकों के ट्रांसफर, संविदाकर्मियों के नियमितीकरण तथा विभिन्न वेतन विसंगतियों पर भी सरकार का ध्यान आकर्षित किया जाएगा। सम्मेलन में वाइस प्रिंसिपल पद को स्थायी रखने, प्रधानाचार्य की रुकी डीपीसी शीघ्र संपन्न कराने, एक पारी ड्यूटी एवं रविवार को प्रतियोगी परीक्षाओं में ड्यूटी के बदले क्षतिपूर्ति अवकाश देने की मांग की जाएगी। साथ ही, स्कूलों में अनावश्यक प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों में कमी लाने तथा बीच सत्र में ट्रांसफर नहीं किए जाने जैसे विषयों पर भी पुरजोर मांग रखी जाएगी। इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष नरेश सिसोदिया, उप शाखा गंगापुर मंत्री रघुवीर जाटव, जिला उपाध्यक्ष सुरेश चंद्र गर्ग, गोपाल लाल गुप्ता, हनुमान प्रसाद शर्मा, बामनवास अध्यक्ष पवन कुमार शर्मा और मोहिद खान सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

## क्रेशरों पर मास्क तक का नहीं होता उपयोग

**रुदावल/भरतपुर**, (निसं)। रुदावल क्षेत्र में संचालित क्रेशर सरकार की गाइडलाइन की पालना नही कर सरकार के आदेशों को ठेंगा दिखा रहे है। वहीं सरकारी विभाग भी इन पर कार्रवाही करने के बजाय जांच के नाम पर मौके पर पहुंचकर महज कागजी पूर्ति करते हुए नजर आ रहे है। रुदावल थाना क्षेत्र के गांव गूजरबलाई के निकट आधा दर्जन से अधिक क्रेशर संचालित है। इनमें महज एक दो क्रेशर को छोड दिया जाए तो सभी सरकारी नियमों की अवहेलना करने में जुटे हुए है। अधिकतर क्रेशरों पर मजदूरों की सुरक्षा की परवाह किए बगैर ही कार्य कराया जा रहा है। इन क्रेशरों पर मजदूरों की सुरक्षा के उपकरण या तो उपलब्ध ही नही है या फिर मजदूर अपनी जान की परवाह किए ही सुरक्षा संसाधनों का उपयोग नही कर रहे है। क्रेशर मशीनरी पर कब किस मजदूर की जान पर बन आए कुछ कहा नही जा सकता है।

## सार-समाचार

### जुआ खेलते हुए 8 जने गिरफ्तार

**रूपवास**, (निसं)। थाना पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 8 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 18 हजार 500 रुपए एवं 8 बाइकों को भी जप्त किया है। थानाधिकारी विनोद कुमार मीणा ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर संगठित होकर समूह बनाकर अपराध करने वालों, लोकल एवं स्पेशल एक्ट के विरूद्व चलाए जा रहे विशेष अभियान व असामाजिक तत्वों के विरूद्ध पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 8 जुआरियों को गिरफ्तार कर कुल 18 हजार 500 रुपए नकद व 8 बाइक तथा सट्टा उपकरण जप्त किए है। पुलिस ने नारायण सिंह सामन्ता जाति कुशवाह (62) निवासी सौंधी नगला लाले थाना जगनेर जिला आगरा,राधेश्याम पुत्र जवाहर सिंह ठाकुर ( 52) निवासी डांडा थाना खेरागढ जिला आगरा,अशोक पुत्र राजेन्द्र सिंह ठाकुर(55) निवासी नगला कमाल थाना खेरागढ जिला आगरा,संतोष कुमार पुत्र उम्मेदीलाल जाटव (40) निवासी पहाडी कला खेरागढ आगरा यूपी,राजेश पुत्र सुखराम ठाकुर (33) निवासी वकालपुर थाना खेरागढ जिला आगरा,कृष्णपाल पुत्र महेन्द्र सिंह जाति गुर्जर (30) निवासी विदौली थाना खेरागढ जिला आगरा,जसवंत पुत्र रामनिवास ब्राहम्ण (37) निवासी बडी डिढवार थाना फतेहपुर सीकरी व चौखेलाल पुत्र श्रीराम जाटव (37) निवासी सूर्यनगर थाना मलपुरा जिला आगरा यूपी को गिरफ्तार कर बीएनएस व 13 आरपीजीओ के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया हैं। इस कार्यवाही के दौरान कुंजबिहारी एएसआई,प्रवीण कुमार एएसआई,जगमोहन हैड कांस्टेबल,राजवीर सिंह कांस्टेबल,जसवन्त सिंह कांस्टेबल,सुनील कुमार कांस्टेबल,राजकुमार कांस्टेबल आदि मौजूद रहे।

### नवचयनित जवानों का सम्मान

**भरतपुर**,(निसं)। गांव बुराना में अशोक सेना प्रदेश कार्यकारिणी के नेतृत्व में कुशवाहा समाज का नाम रोशन करने वाले नव चयनित कर्मचारियों का स्वागत सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 12 बच्चे क्षेत्र में से आर्मी में लगे और पांच बच्चे राजस्थान पुलिस में और छह बच्चे राजस्थान पशु परिचर में लगे उन सभी का साफा, मेडल और सम्राट अशोक महान की स्मृति चिन्ह देकर के उन्हें सम्मानित किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हर प्रसाद कुशवाहा सैदपुर सरपंच रहे विशिष्ट अतिथि सुरेंद्र सिंह दंदौलिया अशोक सेना प्रदेश प्रवक्ता हेमराज सिंह कुशवाहा जिला परिषद सदस्य बोराणा बदन सिंह कुशवाहा मुख्य सचिव विक्की राम कुशवाहा पंच और अध्यक्षता गणपति काका ने की इस मौके पर हरिप्रसाद प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि समाज को आरक्षण की बहुत आवश्यकता है बिना आरक्षण के समाज का भला नहीं हो सकता शैलेंद्र कुशवाहा ने कहा की शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो जितना पिएगा वह उतना धहा ड़ेगा हमारे समाज का भला केवल शिक्षा से ही हो सकता है शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक एकता भी जरूरी है और समाज के लिए आने वाले समय में अभी बहुत खुशखबरिया मिलना बाकी है और संचालन शैलेंद्र कुशवाहा प्रदेश अध्यक्ष अशोक सेना राजस्थान ने किया इस मौके पर सर्वेश कुशवाहा जिला अध्यक्ष अशोक सेना भरतपुर योगेश कुशवाहा तहसील अध्यक्ष रूपबास विजय कुशवाहा तहसील अध्यक्ष उच्चौन अशोक सेना योगेश कुशवाहा प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारीअशोक सेना रणवीर सिंह कुशवाहा बृजमोहन कुशवाहा प्रदीप कुशवाहा मनोज कुशवाहा राहुल कुशवाहा पतराम कुशवाहा और सैकड़ों की संख्या में समाज बंधु मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य जागरूकता अभियान आयोजित

**भुसावर/भरतपुर**, (निसं)। फल-सब्जियाँ विटामिन, खनिज लवण, एन्टीऑक्सीडेंट व रेशा से भरपूर होने के कारण मानव स्वास्थ्य के लिए अति महत्वपूर्ण है। कृषि महाविद्यालय भुसावर के डीन डॉ उदय भान सिंह ने बताया कि प्रति व्यक्ति को प्रतिदिन 5 प्रकार की फल व सब्जी खाने का लक्ष्य रखना चाहिए तथा रस पीने के बजाय फल व सब्जियों को साबुत खायें। फल व सब्जियाँ शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढाकर, पाचन सुधार कर और कैंसर, मधुमेह, हृदय रोग जैसी बीमारियों से बचाकर का शरीर को स्वस्थ रखती हैं। ये शरीर को ऊर्जा देती हैं और बजन नियंत्रण में मदद करती हैं। फाइबर कब्ज रोकता है और पाचन क्रिया सुचारू रखता है।

# कार्यशाला का आयोजन

**भरतपुर**, (निसं)। राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस सप्ताह के तहत शुभमणी फाउंडेशन एवं भारतीय मानक ब्यूरो के संयुक्त तत्वाधान जी आई एम टी महाविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में सैकड़ों छात्र, छात्राओं भाग लेकर उपभोक्ता अधिकारों और मानकीकृत वस्तुओं की खरीदारी पर महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की कार्यशाला की अध्यक्षता जी आई एम टी महाविद्यालय के चेयरमैन आर एन तिवारी ने की कार्यशाला में शुभमणी फाउंडेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शुभनेस पाराशर एडवोकेट ने बीआईएस से पहले इसका नाम भारतीय मानक संस्थान हुआ करता था जिसकी स्थापना 6 जनवरी 1947 को हुई। लेकिन 1986 भारत सरकार ने एक अधिनियम लाकर इसे आईएसआई से बदल कर भारतीय मानक बयूरो कर दिया ये उपभोक्ता एवं खाद्य आपूर्ति मंत्रालय का एक स्वायत्तशासी विभाग है। कार्यशाला में पाराशर ने कहा कि आज आमजन को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद उपभोग करने के लिए मानकीकरण किया जाना सुनिश्चित किया गया तथा कुछ रोजमर्रा के काम आने वाले उतपादो को बीआईएस से प्रमाणीकरण कराना अनिवार्य किया हुआ है तथा भारतीय मानक ब्यूरो ने 2025 तक लगभग 23 हजार मानक तैयार किये गये हैं। उन्होंने कहा कि ज्यादातर उपभोक्ता लीगल मैट्रोलौजी के जानकारी के अभाव में ठगी शिकार होते हैं जब भी उपभोक्ता होटल में खाना खाने जाता है तो उसे सब्जी प्लेट के हिसाब से दी जाती है। जबकि नियम ये है कि सब्जी तोल के हिसाब से देनी चाहिए इसी प्रकार बजरी और पत्थर फीट के हिसाब बेचान किया जा रहा है जबकि इन्हें भी किलो या टन के हिसाब बेचान करना चाहिए और ज्यूस भी बाजार में बड़ा गिलास और छोटे गिलास के हिसाब बेचा जा रहा है। जबकि इसे भी मिली लीटर में बेचान करना चाहिए। स्वर्ण आभूषण पर भी हॉलमार्क अनिवार्य किया हुआ है और अब सरकार ने 9 कैरेट सोने के आभूषण भी होल मार्क लगाकर बेचने की अनुमति दी है विना हॉलमार्क के स्वर्ण आभूषण बेचान गैर-कानूनी कर दिया है।

## कार के शीशे तोड़े, नकदी व दस्तावेज चोरी

**भरतपुर**, (निस)। भुसावर कस्बे में असामाजिक तत्वों ने देर रात हुंकारेश्वर मंदिर के पीछे स्थित कॉलोनी में खडी कार के शीशे तोड दिए और उसमें रखे दस्तावेज व 20 हजार रुपये नकद चुरा लिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित राजीव कुमार पुत्र राधा मोहन मित्तल ने बताया कि उन्होंने अपनी कार 20 दिसंबर की रात करीब 8 बजे मंदिर के पीछे खडी की थी। रात लगभग 11 बजे कार तोड़ने की आवाज सुनाई दी।

# अन्नकूट महोत्सव आयोजित

**भरतपुर**, (निसं)। भरतपुर में जवाहर नगर ए ब्लॉक स्थित दक्षिणेश्वर प्राचीन हनुमान मंदिर पर मंदिर कमेटी की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अन्नकूट प्रसादी महोत्सव का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ किया गया। इस अवसर पर हनुमान जी का भव्य श्रृंगार कर मंदिर को फूलों से आकर्षक रूप से सजाया गया तथा फूलबंगला झांकी सजाई गई।

अन्नकूट प्रसादी में खीर, कढ़ी-पकौड़ी, बाजरा और मिक्स वेज का प्रसाद तैयार किया गया, जिसका ागभग 4 हजार पुरुषों एवं महिलाओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

मंदिर कमेटी के पदाधिकारी रामदयाल शर्मा शिवदत्त उपाध्याय दीपक शर्मा ने बताया कि जवाहर नगर ए ब्लॉक स्थित हनुमान जी मंदिर में आज महाआरती की गई एवं ठाकुरजी को अन्नकूट प्रसादी भोग लगाया गया। उन्होंने बताया कि जवाहर नगर ए ब्लॉक में हनुमान जी का चमत्कारी मंदिर है, जहां श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इस मंदिर में शिवालय राम दरबार देवी जी की प्रतिमाएं भी मौजूद हैं। मंदिर परिसर में हजारों भक्तजनों ने अन्नकूट की पंगत प्रसादी ग्रहण की।

उन्होंने बताया कि एक दिन पहले मंदिर में संगीतमय सुंदरकांड का पाठ सैकड़ों भक्तजनों की मौजूदगीमें धार्मिक आस्था के साथ किया गया एवं पोश बड़ा की प्रसादी वितरित की गई। इस आयोजन में मंदिर कमेटी के पदाधिकारी रामदयाल शर्मा शिवदत्त उपाध्याय दीपक शर्मा पंडित लक्ष्मण प्रसाद शर्मा पार्षद दीपक मुद्गल शिवराम यादव सहित सभी कॉलोनी वासियों का सामूहिक सहयोग रहा।

## सभापति का अभिनंदन

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। मित्र मण्डली की ओर से 5 साल बेमिसाल कार्यक्रम तहत नगरपरिषद गंगापुर सिटी के सभापति शिवरतन अग्रवाल, उपसभापति वीरेन्द्र पुजारी उर्फ वीरू एवं समस्त जनप्रतिनिधि पार्षदों का सम्मान समारोह विजय पैलेस में आयोजित किया गया। जिला सह मीडिया प्रमुख धनेश शर्मा ने बताया कि भाजपा शहर मंडल के समस्त पदाधिकारी, जिले के पदाधिकारीयों व कार्यकर्ताओं द्वारा 51 किलो की गुलाब के फूलों की माला पहनाकर भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर की विशेष उपस्थिति में सभापति शिवरतन अग्रवाल एवं उपसभापति वीरेन्द्र उर्फ वीरू पुजारी का सफलतम कार्यकाल हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष मिथलेश व्यास ने कहा कि नगरपरिषद सभापति अग्रवाल सहित समस्त पार्षदों द्वारा क्षमता व व्यवहार के अनुसार सरकार एवं स्वायत्त शासन विभाग सरकार के सहयोग से शहर के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उक्त अवसर पर भाजपा पदाधिकारीयों व कार्यकर्ताओं द्वारा सभापति अग्रवाल, उपसभापति वीरू पुजारी सहित समस्त पार्षदों के भविष्य में उज्जवल सामाजिक, राजनीतिक जीवन की परमात्मा से मंगलकामनाये की गई।

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय क्षेत्राधिकार में खनन पट्टा संख्या 27/2003 निकट ग्राम अटा तहसील व जिला करौली क्षेत्र 1.27 है. खनिज मैसेनरी स्टोन श्री जमनालाल माली पुत्र श्री नारायण लाल माली, निवासी ग्राम अटा, तहसील व जिला करौली के पक्ष में प्रभावशील है। पट्टेधारी श्री जमनालाल की मृत्यु दिनांक 16.11.2025 को हो जाने के कारण उनके विधिक उत्तराधिकारियों द्वारा उक्त खनन पट्टे को उनकी पत्नी श्री विद्या देवी पत्नि स्व. श्री जमनालाल माली, निवासी ग्राम अटा, पोस्ट गुनेसरा, तहसील व जिला करौली के पक्ष में नामान्तरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र कार्यालय में प्रस्तुत किया है। यदि उक्त के संबंध में किसी व्यक्ति/ संस्था को कोई भी आपत्ति हो तो इस संबंध में सूचना के प्रकाशित होने के 15 दिवस में आपत्ति कार्यालय में प्रस्तुत करे। बाद मियाद अवधि कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी एवं नियमानुसार खनन पट्टे नामान्तरण करने की कार्यवाही अमल में लायी जावेगी।

आज्ञा से, खनि अभियन्ता करौली

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय क्षेत्राधिकार में खनन पट्टा संख्या 19/2003 निकट ग्राम अटा तहसील व जिला करौली क्षेत्र 1.00 है. खनिज मैसेनरी स्टोन श्री जमनालाल माली पुत्र श्री नारायण लाल माली, निवासी ग्राम अटा, तहसील व जिला करौली के पक्ष में प्रभावशील है। पट्टेधारी श्री जमनालाल की मृत्यु दिनांक 16.11.2025 को हो जाने के कारण उनके विधिक उत्तराधिकारियों द्वारा उक्त खनन पट्टे को उनकी पत्नी श्री विद्या देवी पत्नि स्व. श्री जमनालाल माली, निवासी ग्राम अटा, पोस्ट गुनेसरा, तहसील व जिला करौली के पक्ष में नामान्तरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र कार्यालय में प्रस्तुत किया है। यदि उक्त के संबंध में किसी व्यक्ति/ संस्था को कोई भी आपत्ति हो तो इस संबंध में सूचना के प्रकाशित होने के 15 दिवस में आपत्ति कार्यालय में प्रस्तुत करे। बाद मियाद अवधि कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी एवं नियमानुसार खनन पट्टे नामान्तरण करने की कार्यवाही अमल में लायी जावेगी।

आज्ञा से, खनि अभियन्ता करौली

# जिलाध्यक्ष की अनुशंसा पर चार पंचायतों में हुआ योग प्रशिक्षक का चयन

- योग प्रशिक्षकों ने भाजपा जिलाध्यक्ष का जताया आभार

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की स्वीकृति पर नियुक्त हुए योग प्रशिक्षकों ने भाजपा सवाई माधोपुर जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर का आभार व्यक्त किया। ये नियुक्तियां जिलाध्यक्ष की अनुशंसा पर की गई थीं।

गंगापुर सिटी विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों से चयनित इन प्रशिक्षकों ने जयपुर बाइपास स्थित जिलाध्यक्ष के निवास पर पहुंचकर उनका सम्मान किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'फिट इंडिया' कार्यक्रम के तहत बामन बड़ौदा, खेड़ाबाढ़ रामगढ़, कुनकटा कलां और बाढ़ जालोखरा ग्राम पंचायतों से योग प्रशिक्षकों का चयन हुआ है। इनमें बामन बड़ौदा से राजेश गुर्जर और प्रियंका गुर्जर, खेड़ाबाढ़ रामगढ़ से मंजीत मीना और भरत बाई मीना, कुनकटा कलां से बदनसिंह गुर्जर और रीना गुर्जर, तथा बाढ़ जालोखरा से रूपेन्द्र गुर्जर और सीमा गुर्जर शामिल हैं। भाजपा जिला सह मीडिया प्रमुख धनेश शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर सभी नव-नियुक्त योग प्रशिक्षकों ने अपने-अपने ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन को योग, व्यायाम और शारीरिक स्वास्थ्य के महत्व के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया।

उन्होंने कहा कि योग के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना ही इस पहल का मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने कहा कि ग्रामीण अंचलों में योग प्रशिक्षकों की नियुक्ति से लोगों को नियमित योग अभ्यास के लिए प्रेरणा मिलेगी।

इससे स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक सोच विकसित होगी। उन्होंने सभी प्रशिक्षकों से जनहित में पूरी निष्ठा से कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर ग्रामीण मंडल प्रतिनिधि रामभरोसी वैष्णव, रामकेश छंगा, सरपंच लाला अमरगढ़, राहुल गर्ग सहित कई भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।